दिनांकः 27.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह का आज भरतपुर में आयोजन–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को राशि का हस्तांतरण करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे।

- सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से आज से जयपुर में 'राजस्थान आईटी दिवस' समारोह आयोजित किया जाएगा।

- संसद ने बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित किया।

- खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज शाम भव्य समारोह के साथ होगा।

000

भरतपुर में आज राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह आयोजित किया जाएगा। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तीसरे दिन पुलिस परेड ग्रांड में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कई सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ राशि के हस्तांतरण और वितरण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ भी करेंगे। इनमें 92 हजार श्रमिकों को एक सौ करोड रुपये का हस्तांतरण, 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना में पट्टा वितरण और माटी कलाकारों को बिजली चालित चाक वितरण शामिल हैं। मुख्यमंत्री दिव्यांगों को पावर ड्रिवन व्हील चेयर और सहायक उपकरण भी वितरित करेंगे। श्री शर्मा ग्रामीण विकास के नए ई वर्क पोर्टल 2.0 और मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे।

इससे पहले, मुख्यमंत्री आज जयपुर से पुलिस के डेढ़ सौ नए वाहनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये कार्यक्रम जवाहर सर्किल पर आयोजित होगा। इन वाहनों में पुलिस थाना वाहन, पुलिस फील्ड अधिकारियों के वाहन, सड़क सुरक्षार्थ हाईवे रेस्क्यू व्हीकल, मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट तथा ट्रूप कैरियर वाहन शामिल हैं।

राजस्थान दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के तहत कल बीकानेर में किसान सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए कई घोषणाएं की थीं।

मुख्यमंत्री ने कल ही नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव और राजीविका क्राफ्ट फेयर तथा फूड फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और कई सांसद मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने उत्सव में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए लोक और हस्तकलाकारों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

000

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से आज से जयपुर में 'राजस्थान आईटी दिवस 2025' समारोह आयोजित किया जाएगा। विभाग की शासन सचिव और आयुक्त अर्चना सिंह ने बताया दो दिन का ये समारोह तकनीक, नवाचार और उद्यमिता का विशेष संगम होगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाकर तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना और सहयोग के नए अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इससे राजस्थान को डिजिटल प्रगति के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जा सकेगा। समारोह में चार हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें स्टार्टअप से जुड़ीं प्रतिभाएं, उद्योग क्षेत्र की हस्तियां और विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। समारोह में एआई, फिनटेक, सस्टेनेबल टेक और उद्यमिता से जुड़े विषयों पर विमर्श किया जाएगा।

कल समापन समारोह में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर ई–गवर्नेंस अवॉर्ड्स दिये जाएंगे और ओबीएमएस पोर्टल तथा एप की लॉन्चिंग की जाएगी। रोजगार विभाग की नई वेबसाइट भी लॉन्च की जाएगी।

000

राष्ट्रीय महिला आयोग एक नई पहल के रूप में देश के हर जिले में विवाहपूर्व परामर्श केंद्र स्थापित करेगा। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोग ने इस नई पहल की शुरूआत की है।

----------

000

राजस्थान हाईकोर्ट को चार नए न्यायाधीश मिल गए हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से आनंद शर्मा, सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित और संदीप शाह के नामों की सिफारिश को केन्द्र सरकार ने मान लिया है। राष्ट्रपति भवन से इनके नियुक्ति वारंट भी जारी कर दिए गए हैं। उच्च न्यायालय में फिलहाल 34 न्यायाधीश नियुक्त हैं। इन चारों के शपथ लेने के बाद न्यायाधीशों की संख्या बढकर 38 हो जाएगी। हालांकि हाईकोर्ट में जजों के स्वीकृत पदों की संख्या 50 है। ऐसे में स्वीकृत पदों के मुकाबले अभी भी न्यायाधीशों के 12 पद खाली हैं।

000

संसद ने बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। इसे कल राज्यसभा से मंजूरी मिल गई। लोकसभा पहले ही विधेयक को पारित कर चुकी है। विधेयक का उद्देश्य बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के लिए वर्तमान विकल्पों की संख्या एक से बढ़ाकर चार करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने देश में बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने पर एक मजबूत बैंकिंग प्रणाली ढांचा तैयार किया गया है, जिससे बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहे। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ वसूली के लिए कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

000

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम सप्ताह में लगातार तीन दिन 29, 30 और 31 मार्च को राजकीय अवकाश होने के बावजूद पंजीयन और मुद्रांक विभाग के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। उप महानिरीक्षक डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कवायद के तहत इन तीन दिनों को भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखा जाएगा। अन्य कार्य दिवसों की तरह सभी प्रकार के दस्तावेज को पंजीबद्ध करवाया जा सकेगा।

000

करौली की प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैलादेवी का मेला आज से शुरू हो गया है। मेले में प्रदेश के अलावा कई अन्य राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कैला मैया के जय कारे और लांगुरिया गीतों की धुनों के साथ चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

...........

उधर, अलवर जिले में करणी माता मेले की तैयारियों को लेकर वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेला स्थल और सड़क के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो।

000

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज शाम भव्य समारोह के साथ होगा। समारोह में युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी शामिल होंगी। खेलो इंडिया मिशन के तहत प्रमुख पहल के रूप में, पैरा गेम्स ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। आठ दिन की इस चैंपियनशिप में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, निशानेबाजी और टेबल टेनिस जैसे छह खेलों में एक हजार तीन सौ से अधिक पैरा–खिलाड़ियों ने भाग लिया।

000

आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले कल रात गुवाहाटी में खेले गए मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 8 विकेट से हरा दिया।

000